4060 (E)
17/6/26

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 16/06/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर के अन्तर्गत Construction of Road from SH-74 (Naka No.-03) to Konhara Ghat Road Via Tangaul (Total Length-3.86 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–1112(अनु०) दिनांक–09.04.2026 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–01.04.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Road from SH-74 (Naka No.-03) to Konhara Ghat Road Via Tangaul (Total Length-3.86 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹772.03 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6061(S) दिनांक–09.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹778.79 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2300(अनु०) दिनांक–23.07.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹750.15341 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 04 (Four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 19.02.2026 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 02 (दो) अद्द यथाः– |
| | (i) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited | | (ii) M/s Pratayaksha Construction Private Limited. |
| 2.11 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1053 दिनांक–01.04.2026 |
| 2.12 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | (i) प्रथम निविदा दिनांक–30.06.2025 को आमंत्रित की गई। इस निविदा में किसी भी निविदाकार के द्वारा भाग नही लेने के फलस्वरूप कार्यपालक अभियंता, वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर का ज्ञापांक–1889 दिनांक–06.08.2025 द्वारा निविदा रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित की गई।<br><br>(ii) द्वितीय निविदा दिनांक–06.08.2025 को आमंत्रित की गई। इस निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु उपभागीय ज्ञापांक–3058 दिनांक–22.09.2025 द्वारा निर्णय लिया गया।<br><br>(iii) तृतीय निविदा दिनांक–26.09.2025 को आमंत्रित की गई। बिहार विधान सभा चुनाव के अचार संहिता के कारण कार्यपालक अभियंता, वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर ज्ञापांक–2568 दिनांक–17.11.2025 द्वारा रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित की गई।<br><br>(iv) चतुर्थ निविदा दिनांक–17.11.2025 को आमंत्रित की गई। इस निविदा में किसी भी निविदाकार के द्वारा भाग नही लेने के फलस्वरूप कार्यपालक अभियंता, वैशाली पथ प्रमंडल, हाजीपुर का ज्ञापांक–2819 दिनांक–17.12.2025 द्वारा निविदा रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित की गई।<br><br>(v) पाँचवी बार प्राप्त निविदा में एकल निविदाकार के असफल होने के फलस्वरूप छठी बार पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है। |

3. अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर के पत्रांक–431(अनु०) दिनांक–19.03.2026 से उक्त निविदा का तकनीकी बीड प्राप्त हुआ है।

उक्त निविदा में दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। सभी निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ अग्रधन की राशि जमा किया गया है, जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर द्वारा करा लिया गया है।

जाँचोपरांत पाया गया कि दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा M/s Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते हैं। शेष एक निविदाकार M/s Pratayaksha Construction Private Limited का SBD के ITB Cl.- 4.7 के आलोक में Bid Capacity ₹119.148 लाख है जो वांछित राशि ₹733.41453 लाख से कम है।

4. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः–</u>**

4.1 पथ प्रमण्डल, हाजीपुर अन्तर्गत Construction of Road from SH-74 (Naka No.-03) to Konhara Ghat Road Via Tangaul (Total Length-3.86 Km) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा में दोनों निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा M/s Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते हैं। अतः इन्हे तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। शेष एक निविदाकार M/s Pratayaksha Construction Private Limited को SBD के ITB Cl.- 4.7 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.2 विभागीय अधिसूचना–3162(S) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर विभागीय अनुमोदन हेतु समर्पित करने का निर्णय लिया जाता है, बशर्ते विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355 (S) दिनांक–28.10.2021 के निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं हो, यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही अग्रेतर कार्रवाई किया जायेगा।

निर्गत शाखा
17/6/26

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1112(अनु०) दिनांक–09.04.2026 से प्राप्त दिनांक–01.04.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

5.2 वैशाली पथ प्रमण्डल, हाजीपुर के अन्तर्गत **Construction of Road from SH-74 (Naka No.-03) to Konhara Ghat Road Via Tangaul (Total Length-3.86 Km.) for the year 2025-26** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा **M/s Pratayaksha Construction Private Limited** को **SBD** के **ITB Cl.-4.7** के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल एवं शेष एक निविदाकार यथा **M/s Balkrishna Bhalotia Construction Private Limited** को बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है।

5.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16/06/26 | 16/06/26 | 16/06/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–29/2026 4060 (E) पटना, दिनांक 17/6/26

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/06/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।